मेट्रो 3 के बेड़े में आठ मेट्रो ट्रेनें आईं

मुंबई(यशोडेस्क), मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमएमआरसी) को कोलाबा-बांद्रा -सिप्ज मेट्रो 3 रूट आरे-बीकेसी के पहले चरण के संचालन के लिए नौ मेट्रो ट्रेनों की आवश्यकता है। अब तक आठ ट्रेनें आंध्र प्रदेश के श्रीसिटी से मुंबई में प्रवेश कर चुकी हैं। अब सिर्फ एक ट्रेन का इंतजार है और अगले कुछ दिनों में इस ट्रेन के भी आरे कारशेड में प्रवेश करने की संभावना है। मेट्रो 3 का काम एमएमआरसी के जरिए चल रहा है। 33.5 किलोमीटर के इस मार्ग को दो चरणों में यातायात सेवा में लाया जाएगा। तदनुसार, एमएमआरसी पहले चरण को बीकेसी से आरे तक दिसंबर 2023 में और दूसरे चरण को बीकेसी से कफ परेड तक जून 2024 में सेवा में लाने की योजना बना रही है। इस पृष्ठभूमि में एमएमआरसी ने पहले चरण के निर्माण के साथ-साथ तकनीकी कार्यों में भी तेजी ला दी है। दूसरी ओर, मेट्रो ट्रेनों को मुंबई लाने और उनका परीक्षण करने का काम भी तेज हो गया है। 33.5 किमी के इस रूट के लिए 31 ट्रेनों की जरूरत है। इन ट्रेनों का निर्माण आंध्र प्रदेश के श्रीसिटी में एक निजी कंपनी के माध्यम से किया जा रहा है। इस बीच, एमएमआरसी को आरे से बीकेसी तक संचालन के पहले चरण के लिए नौ मेट्रो ट्रेनों की आवश्यकता है। पहली ट्रेन अगस्त 2022 में मुंबई में प्रवेश की तो अब सितंबर 2023 में आठवीं ट्रेन मुंबई आ गई है। अब एक ट्रेन का इंतजार है और ये इंतजार जल्द ही खत्म हो जाएगा। वहीं, इन नई मेट्रो ट्रेनों के साथ-साथ मेट्रो में यात्रा करने के लिए मुंबईकरों का इंतजार अगले तीन से चार महीनों में खत्म होने की संभावना है।

अब सिर्फ एक ट्रेन का इंतजार